बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

14 मार्च 2023

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 5

छात्रावास का निर्माण

*70 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **अल्पसंख्यक कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला मुख्यालय में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं रहने के कारण छात्रों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शिवहर में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

स्वास्थ्य उपकेन्द्र का जीर्णोद्धार

*71 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिलांतर्गत सिलाव प्रखंड के ग्राम पंचायत बड़ाकर के ग्राम बेलौर में वर्ष 1954 में ही निर्मित स्वास्थ्य उपकेन्द्र है जिसका मौजा- बेलौर, थाना नं०- 450, खाता नं०- 52, खेसरा- 109, रकबा- 25 डिसमिल है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र का जीर्णोद्धार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

आवेदनों का निष्पादन

*72 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में बी० फार्मा के रजिस्ट्रेशन हेतु पिछले दो वर्षों में कई लोगों ने आवेदन दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि अभी तक इन सभी आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है और लोग परेशान हो रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र सभी आवेदनों को निष्पादित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

स्वास्थ्य उप केन्द्र कब तक

*73 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत नावानगर प्रखण्ड के हरोजा ग्राम में स्वास्थ्य उप केन्द्र है जिसका अपना भवन नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन, बक्सर के पत्रांक – DHS/BXR/PC/1501, दिनांक- 04.12.2001 द्वारा उक्त ग्राम में स्वास्थ्य उपकेन्द्र के भवन निर्माण हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्वास्थ्य उप केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

सिविल सर्जन की नियुक्ति

*74 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण के तुर्कवलिया प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य

केन्द्र में कोई सर्जन (शल्य चिकित्सक) नियुक्त नहीं हैं जिसके कारण रोगियों को बाहर जाना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि वह कब तक सिविल सर्जन की नियुक्ति करना चाहती है?